हरिभूमि
# कोरिया भूमि

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

बिलासपुर, सोमवार 1 जुलाई 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 दोपहिया वाहन चोरी करने वाले 3 चोर गिरफ्तार



(चिरमिरी) प्रवेश प्रारंभ (मनेन्द्रगढ़)
न्यू महाराणा I.T.I.
Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.)
New Delhi (Govt. Of India)
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर
योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन, पत्राचार, नियमित)
प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छुट
अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन
स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण
पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़
मो. 8982767184, 9203914561, 9425556340
पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी
मो. 7489674543, 8435000498, 9203914561

## प्रत्येक साल गाज गिरने की होती है घटना

# आकाशीय बिजली गिरने के मामले में डेंजर जोन बना सोनहत का लटमा


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ बीते दिवस एक ग्रामीण के घर में गिरा गाज

बरसात के शुरूआत के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की घटना भी होती है। कोरिया जिले में आकाशीय बिजली कई लोगों की जान ले लेती है, इसके अलावा मवेशियों को भी काल के गाल में समा देता है, वहीं मकानों एवं पेड़ों को भी क्षति पहुंचती है।

आकाशीय बिजली के प्राकृतिक प्रकोप से जिले में प्रतिवर्ष जनहानि होती है। वैसे तो कोरिया जिले में शुरूआती बरसात में आकाशीय बिजली गिरने की घटना अधिक होती है,लेकिन जिले के कई गांव ऐसे भी है,जहां प्रतिवर्ष बरसात के दौरान आकाशीय बिजली कहर बनकर गिनती है। ऐसा ही गांव जिले के सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत लटमा है। आकाशीय बिजली के लिए यह गांव डेंजर जोन अंतर्गत आता है, क्योंकि यहां प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली गिरने के कारण नुकसान होते आया है। यह तो खुशकिस्मत है कि ग्राम लटमा के पंचायत भवन के पास तड़ति चालक लगा हुआ है और पास में ही प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्थित है, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं, जिनके लिए पंचायत भवन के पास लगा तड़ति चालक सुरक्षा कवज का कार्य करता है, जिससे कि उक्त दोनों स्कूलों में अब तक किसी प्रकार की यह प्राकृतिक घटना का प्रभाव नहीं पड़ा।

जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ दशक पूर्व स्कूल छुट्टी के बाद जब बच्चे अपने-अपने घर जाने के लिए निकले, इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी और खेल मैदान के कोने के हिस्से में एक छात्र आकाशीय बिजली के चपेट में आने से छात्र की मौत हो गई थी, इसके अलावा यहां कई लोग आकाशीय बिजली के चपेट में आकर झूलस गए हैं तो किसी का घर क्षतिग्रस्त हुआ है तो कोई पेड़ क्षतिग्रस्त हुआ है। ग्रामीण बताते हैं कि ग्राम लटमा में ऐसा कोई साल नहीं होगा,जब आकाशीय बिजली के कारण कोई न कोई नुकसान न पहुंचता हो। इस तरह ग्राम लटमा आकाशीय बिजली के लिए डेंजर जोन बन गया है। ग्राम लटमा स्थित नव निर्मित शिव मंदिर में भी आकाशीय बिजली गिरी थी, जिससे कि मंदिर के उपरी हिस्से को क्षति पहुंची थी, जिसे बाद में सुधार किया गया। ⏭ शेष पेज 4 पर



घर में गिरे गाज से क्षतिग्रस्त सामान।

### परिवार गया केक लेने और घर में गिरी गाज

बीते दिनों झमाझम बारिश के बीच ग्राम लटमा में तेज गर्जना के साथ एक परिवार के घर में आकाशीय बिजली गिरी। यह तो खुशकिस्मती रही कि इस दिन दोपहर के समय माता-पिता अपने छोटे-बेटे को लेकर बैकुंठपुर केक लेने निकल गए, क्योंकि बच्चे का उस दिन जन्म दिन था। जब परिवार घर लौटा तो जानकारी हुई कि उसके घर में आकाशीय बिजली गिरी है। जानकारी के अनुसार ग्राम लटमा निवासी श्याम बिहारी पिता दुलारसाय के बेटे का बीते दिनों जन्म दिवस था, इसके लिए माता-पिता अपने छोटे बच्चे के साथ दोपहर के समय केक लेने बैकुंठपुर आए थे। इसी दौरान दोपहर में उनके सूने घर में आकाशीय बिजली गिरी। इस तरह परिवार को जीवन दान मिल गया अन्यथा बड़ी घटना घटित हो जाता।

## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज में कैरियर काउंसिलिंग 3 जुलाई को

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 3 जुलाई को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित कैरियर काउंसलिंग में प्रशासनिक अधिकारी संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, व्यापम सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देंगें। आयोजक दिव्यांश कुमार दुबे ने बताया कि काउंसलिंग में कलेक्टर एसपी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन करेंगें।

### पिता ने पुत्र पर तीर से किया जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** पुत्र ने पिता को साथ दूसरे राज्य में काम करने की बात कही तो पिता ने न सिर्फ पुत्र के साथ विवाद कर मारपीट किया बल्कि पुत्र के घर के दहलीज पार करने पर उसके सीने में तीर से जानलेवा वार कर दिया । सीने में तीर धंस जाने से पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर निवासी अर्जुन लाल आ. रतन लाल (25 वर्ष) 27 जून को छोटे भाई गुल्लू राम सहित गांव के अन्य लोगों के साथ बनारस काम करने जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी शराब के नशे में धुत पिता ने साथ काम नहीं करने की बात कह कर विवाद करना शुरू कर दिया। अर्जुन मां मानकुंवर को काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला तभी पिता धनुष से सीधे तीन बेटे के सीने पर चला दिया।

### दो ट्रेलर में भिड़ंत परिचालक की मौत

**राजपुर।** एनएच 343 पर शनिवार की सुबह दो ट्रेलर के बीच हुई भिड़ंत में परिचालक की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को निकालकर पीएम के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि ट्रेलर क्रं. सीजी 08 एजे 5481 का चालाक उमेंद कुमार धृतलहरे बलौदाबाजार से क्लिंकर लोड कर औरंगाबाद जा रहा था जबकि ट्रेलर क्रं. बीआर 01 जीएन 6098 का चालक खाली वाहन लेकर राजपुर की ओर से अंबिकापुर की ओर जा रहा था। इस दौरान सुबह लगभग 7.15 बजे दोनों ट्रेलर एनएच 343 पर पूर्णिमा पारीक गेऊर नदी के समीप पहुंचे सामने से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए क्लिंकर लोड ट्रेलर को टक्कर मार दी। घटना के दौरान क्लिंकर लोड वाहन का परिचालक केबिन में सो रहा परिचालक टक्कर के बाद वाहन में फंस उसकी मौत हो गई।

### भाई पर युवक ने चलाया तीर, आरोपी गिरफ्तार

**धौरपुर।** बाड़ी में आगे पौधे को बकरी द्वारा चरने को लेकर सहदेव और मनदेव दो भाइयों के बीच हुए विवाद में युवक ने अपने ही बड़े भाई पर तीर चला दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम जटासेमर की हैं। वहीं सूचना पर पुलिस ने सहदेव के बयान के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी 35 वर्षीय मनदेव को धारा 307 के तहत गिरफ्तार किया है।

### बाजार में आए भुट्टे




**बैकुण्ठपुर।** बरसात की शुरूआत के साथ ही बाजार में भुट्टे का दुकान सज गया है। वर्तमान में 15 रूपए का एक भुट्टे को पकाकर विक्रय किया जा रहा है। बरसात में गरमा गरम भुट्टा खाने का मजा ही कुछ और होता है।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ न्यायालय विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

बड़े पिता द्वारा रिश्ते को कलंकित करने वाले एक दुष्कर्म के मामले में न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट चिरमिरी के न्यायाधीश मुकेश कुमार पात्रे ने आरोपी को दोष सिद्ध पाया और इसके लिए 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपए अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला 27 जून को पारित किया। अर्थदंड की अदायगी नहीं किए जाने पर दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने के आदेश जारी किए।

इस संबंध में न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार खड़गवां थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम में एक नाबालिक पीड़िता अपने भाई के साथ घटना दिवस 21 अगस्त 2021 को बैल चराने सुबह करीब 8 बजे गई थी और पीड़िता के माता-पिता मजदूरी करने पोडीडीह गए थे। बैल चराने के दौरान पीड़िता का भाई जब कुछ दूर चला गया था, उसी दौरान लगभग 10 बजे नाबालिक पीड़िता



के पास उसके बड़े पापा धनसाय आए और पीड़िता को बहला फुसलाकर पास जंगल की ओर ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। अपने साथ घटित घटना की जानकारी शाम को अपने माता-पिता के मजदूरी कर लोटने के बाद माता के बताई। इस पर पीड़िता की मां ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी बड़े पापा के विरूद्ध धारा 376 भादवि एवं पाक्सो एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में न्यायालय ने दोनों पक्षो को सुनने के पश्चात आरोपी को दोषि करार दिया, जिसके लिए 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला सुनाया।

### पीड़ित मानसिक रूप से अशक्त

बाप बेटी के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने के इस मामले में खास बात यह रही कि पीड़िता 16 वर्ष से कम उम्र की थी साथ ही वह मानसिक रूप से अशक्त थी। इसी बात का फायदा उठाकर पीड़िता के बड़े पापा ने बहलाकर पीड़ति को जंगल की ओर ले गया और उसके साथ दुराचार किया।

# तीन वर्षीय बालक की गड्ढे में गिरने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण चरचा कॉलरी थाना क्षेत्र में शनिवार को ग्राम पंचायत द्वारा खोदे गए सोख्ता गड्ढ़े में पानी भर गया था, जिसके पास खेलने के दौरान एक तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम करा परिजन को सौंप दी तथा मामले को जांच में लिया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चरचा कॉलरी थानांतर्गत ग्राम रकेया में ग्राम पंचायत चेरवापारा द्वारा सोखता के लिए दो माह पूर्व बड़ा गड्ढ़ा खोदकर छोड़ दिया गया था। शनिवार को जिले में झमाझम बारिश हुई, इससे खोदे गए सोख्ता गड्ढ़े में पानी भर गया था। इसी दिन दोपहर के समय अशोक यादव का 3 वर्षीय पुत्र आशुतोष खेलते-खेलते पानी से भरे सोख्ता गड्ढ़ा में गिर गया। लोगों की नजर पड़ी तो बच्चों को बचाने के लिए दौड़े, लेकिन जब बालक को पानी से भरे गड्ढ़े से निकाला गया तो उसकी सांसे थम गई थी। पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा तैयार कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और इस मामले को जांच में लिया।



इसी गड्ढे में गिरा था बालक।

### लापरवाही ने ली मासूम की जान

ग्राम रकेया में आंगनबाड़ी के पास ग्राम पंचायत के द्वारा बड़ा सोख्ता गड्ढ़ा दो माह पहले ही खोदा गया था, लेकिन निमाण कार्य पूरा नहीं कराया। यदि ग्राम पंचायत द्वारा प्राथमिकता के साथ निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया होता तो मासून की जान नहीं जाती, जबकि आंगनबाड़ी में छोटे-छोटे बच्चे आते हैं, ऐसे में बड़ा सोख्ता गड्ढ़ा खोदकर छोड़ना बच्चों के लिए खतरनाक हो सकता है।

### ग्रामीणों ने उचित कार्रवाई की मांग की

**मनेन्द्रगढ़।** जिला एमसीबी के अंतर्गत केल्हारी अनुभाग ग्राम पंचायत बिछिया टोला के आश्रित ग्राम भैंसाताल में रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। किसान भोला प्रसाद तिवारी ने आरोप लगाया है कि मेरे पट्टे की भूमि में डबरी निर्माण की स्वीकृति हुई थी, जिसे तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायक ने मनमानी करते हुए त्रिभुज आकार का बना दिए और डबरी निर्माण में लीपा-पोती का कार्य हुआ, बाकी के रूपए से किसी एक व्यक्ति के आवागमन के लिए सड़क निर्माण करा दिए। भोला प्रसाद तिवारी द्वारा बताया गया कि मेरे पट्टे के जमीन में रोजगार सहायक तानाशाही रवैया अपनाते हुए सड़क का निर्माण करा दिए, जबकि उस भूमि पर सड़क निर्माण कार्य की कोई स्वीकृति नहीं है, बावजूद इसके रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायक द्वारा अपने पद का धौंस दिखाते हुए मनरेगा के रूपयों का दुरुपयोग किया गया या बंदरबांट किया गया, जिसकी शिकायत वे राजस्व कार्यालय में कर चुके हैं।




# 2036 ने दी प्री बीएड प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ दूर दराज से परीक्षा देने बैकुंठपुर पहुंचे थे परीक्षार्थी

छग व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा रविवार को प्री बीएड एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त दोनों परीक्षाओं में काफी संख्या में छात्र शामिल हुए, वहीं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा में सबसे अधिक परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इसके लिए जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे।

परीक्षा समन्वयक से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में प्री बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की गई, इसके लिए कुल 9 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। प्री बीएड प्रवेश परीक्षा में कुल 3343 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए थे, इसमें 2036 परीक्षा में शामिल हुए और 1307 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह प्री बीएड प्रवेश परीक्षा में 61 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 39 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन ⏭ शेष पेज 4 पर



### परीक्षा छूटते ही सड़क पर जाम

शहर में रविवार को हुई उक्त प्रवेश परीक्षा में काफी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हुए, इसके कारण परीक्षा छूटने के बाद शहर के मुख्यमार्ग, चिरमिरी मार्ग एवं अन्य प्रमुख मार्गो पर थोड़ी देर के लिए सड़क पर अचानक वाहनों के दबाव के कारण कई जगहों पर सड़क जाम की स्थिति बनी, जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



## खबर संक्षेप

### रेहर खदान के 29 कोलकर्मियों को गायत्री खदान किया गया तबादला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर प्रबंधन ने पर्यावरण स्वीकृति आदेश के अभाव में पिछले आठ माह से बंद पड़ी रेहर भूमिगत खदान के 29 कामगारों का तत्काल प्रभाव से गायत्री भूमिगत खदान में तबादला किया है।बता दें कि पिछले आठ माह से रेहर खदान से कोयला उत्पादन पूरी तरह से बंद है,प्रबंधन पर्यावरण क्लियरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए तमाम प्रयास कर रही है ,इन सबके बावजूद रायपुर से क्लियरेंस नहीं मिल पा रहा है जिस वजह से प्रबंधन को हर माह खदान में पदस्थ क़रीब पांच सौ कामगारों को बैठा कर तनख़्वाह देनी पड़ रही है ,ऐसे में प्रबंधन को हर माह कई करोड़ रुपए का नुकसान होने का अनुमान है,वर्तमान में रेहर खदान के अलावा कुमदा सहक्षेत्र की बलरामपुर खदान अब एक अप्रैल से तीन माह के मिले एक्सटेंशन के बाद आगामी एक जुलाई से खदान सीटीओ के आभाव में बाधित हो जाएगी।दो -दो खदान बंद होने से कम्पनी प्रबंधन के समक्ष वार्षिक उत्पादन लक्ष्य क़ो पूरा करने में संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### अंजुमन कमेटी के सदस्यों ने की पुलिस अधीक्षक से मुलाकात



**अंबिकापुर।** शनिवार को अंजुमन कमेटी ने सरगुजा के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल से मुलाकात की। इस दौरान कमेटी की ओर से उन्हें सरगुजा में पदस्थापना की बधाई देने के साथ ही आरंग में हुई मॉब लिंचिंग के बारे में चर्चा करते हुए सरगुजा में एकता व भाईचारे का माहौल बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही गई। इसके साथ ही आने वाले मातमी पर्व मुहर्रम को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी, अफजाल अंसारी, अब्दुल लतीफ, रकीब अंसारी, सहजेब अंसारी, फरहान सिद्की, हयात आदि मौजूद थे।

### ट्रांसफार्मर के पास बिखरे तरंगित तार की चपेट में आने से बैल की हुई मौत

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत जमदेई केराबहरा मोहल्ला में विद्युत ट्रांसफार्मर के पास जर्जर तरंगित तार की चपेट में आने से एक बैल की मौत हो गई है। जयनगर



थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जमदेई के केराबहरा मुहल्ले में स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर के पास विभागीय कर्मचारियों की उदासीनता की वजह से तरंगित तार बिखरा हुआ था। इसी बीच बीती रात एक आवारा बैल उस तरंगित लाइन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त विद्युत ट्रांसफार्मर के पास क्षतिग्रस्त विद्युत तरंगित तार को व्यवस्थित कराए जाने हेतु कई बार विभागीय कर्मचारियों को अवगत कराया जा चुका है बावजूद इसके आज तक व्यवस्था में सुधार नहीं होने की वजह से एक बैल की तरंगित तार की चपेट में आने से मौत हो गई है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द ही उक्त विद्युत ट्रांसफार्मर के बिखरे तरंगित तार को व्यवस्थित कराए जाने की मांग की गई है।


### गिरने से गंभीर युवक की अस्पताल में गई जान

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बरटिकरा निवासी सूर्यकांत कुजूर आ. स्व. सीताराम कुजूर (29 वर्ष) शुक्रवार को प्रतीक्षा बस स्टैंड आया था। युवक बस स्टैंड स्थित शौचालय जा रहा था तभी अचानक गिर गया जिससे मौके पर ही अचेत हो गया। घटना को देख लोगों ने युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### पैदल जा रहे ग्रामीण को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**अम्बिकापुर।** रघुनाथपुर पुटरापारा निवासी दशरथ (65 वर्ष) गत दिन पैदल दर्रीडांड की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### मंत्री लक्ष्मी ने रेवती महाविद्यालय में किया कीबो एक्सएस किट का उद्घाटन



**सूरजपुर।** रेवती रमण महाविद्यालय के हिन्दी शाखा में नेत्रहीन दिव्यांग के लिए स्थापित कीबो एक्सएस डिवाईस का महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा उद्घाटन किया गया है। यह डिवाइस दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए स्थापित किया गया है, ताकि दृष्टिबाधित व्यक्ति पुस्तक में अंकित शब्दों को इस डिवाइस के माध्यम से ऑडियो फॉर्मेट में कन्वर्ट कर अपने ज्ञान के संवर्धन कर सकें। साथ ही हितग्राही किसी भी किताब को स्कैन कर इसका ट्रांसलेशन कर किसी भी भाषा में सुन सकते है और ज्ञान अर्जित कर सकतें है। इस दौरान जनप्रतिनिधि, शिक्षक, एनआईसी डीआईओ रोहन सिंह, उप संचालक समाज कल्याण बेनेदिक्ता तिर्की व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बलरामपुर एवं कोरिया के 27 उपार्जन केन्द्रों में बचा है 23 हजार क्विंटल से अधिक धान

# खरीदी बंद होने के 6 माह बाद भी 7.5 करोड़ के धान का नहीं हुआ उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मानसून के सक्रिय होने के बाद किसान धान सहित अन्य खरीफ फसलों की रोपाई बुनाई करने की तैयारियां प्रारम्भ कर दिए हैं लेकिन अभी तक समितियों में संग्रहित धान का उठाव पूरा नहीं हो सका है। दिसम्बर में खरीदी बंद होने के बाद से ही उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है।

**खास बातें**

- मानसून की मूसलाधार वर्षा से संग्रहित धान के खराब होने की संभावना
- अधिकारी अभी भी दे रहे शीघ्र उठाव करने का आश्वासन

शासन के निर्देश पर इस बार पहली बार 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से किसानों का धान खरीदा गया था। इस बार लक्ष्य से अधिक धान की खरीदी की गई लेकिन खरीदी बंद होने के 6 महीने का समय गुजरने के बावजूद उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान का उठाव नहीं हो सका है। विपणन संघ एवं खाद्य विभाग के अधिकारी मार्च से ही एक सप्ताह के भीतर समस्त धान का उठाव कराने का आश्वासन दे रहे हैं। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक से मिली जानकारी के अनुसार अभी भी सरगुजा जिलान्तर्गत अमलमिट्टी समिति में 1440 क्विंटल, बलरामपुर जिलान्तर्गत 10 उपार्जन केन्द्रों में 11 हजार 600 क्विंटल एवं कोरिया के 17 उपार्जन केन्द्रों में 11 हजार 705 क्विंटल धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है। प्रारम्भ में राशन दुकानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय मीलरों से धान का उठाव कराया गया था। स्थानीय जरूरतें पूरा होने के बाद अधिकारी लम्बे समय तक शासन के निर्देश का इंतजार करते रहे। शासन के निर्देश पर रायपुर, दुर्ग एवं धमतरी के मिलर्स को संग्रहित धान के उठाव का डीओ जारी किया गया। बाहर के मिलरों द्वारा कछुआ गति से संग्रहित धान का उठाव करने के कारण दो महीने से अधिक समय गुजारने के बावजूद उठाव पूरा नहीं हो सका है। अब अधिकारी स्थानीय मीलरों से शेष बचे धान का उठाव करने का दावा कर रहे हैं।



### 8 महीने से पड़ा है खुले आसमान के नीचे

खरीदी प्रारम्भ होने के बाद से ही उपार्जन केन्द्रों में संग्रहित धान खुले आसमान के नीचे पड़ा है। अब मानसून की झमाझम वर्षा शुरू होने के बाद संग्रहित धान के पूरी तरह खराब होने की संभावना जताई जा रही है। जानकारों का कहना है घरों में कड़ी सुरक्षा में रखा गया धान-गेंहू सामान्य नमी में खराब हो जाता है ऐसे में आठ महीनों से खुले आसमान के नीचे तिरपाल से ढके धान के सुरक्षित रहने का दावा करना बेमानी है। कड़ी धूप एवं वर्षा की नमी के बाद धान उपयोग के योग्य होना संभव नहीं है। जून के अंत तक भी संपूर्ण धान का उठाव होने की संभावना नहीं है। ऐसे में धान के सुरक्षित बचने की संभावना अत्यंत कम है।

#### इन केन्द्रों में बचा है धान

बलरामपुर जिलान्तर्गत उपार्जन केन्द्र रामेश्वर नगर में 970 क्विंटल, चांदों में 884 क्विंटल, डूमरपान में 513 क्विंटल, भंवरमाल में 2316 क्विंटल, रामानुजगंज में 1281 क्विंटल, महाराजगंज – 794 क्विंटल, महावीर गंज- 553 क्विंटल, विजय नगर-3576 क्विंटल, दोलंगी- 338क्विंटल, रामचंद्रपुर- 459 क्विंटल कुल 11 हजार 690 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे महीनों से पड़ा है। इसी तरह कोरिया जिला के विभिन्न 17 उपार्जन केन्द्रों में 11 हजार 705 क्विंटल धान के उठाव का इंतजार प्रारम्भ से ही किया जा रहा है।

#### अमलमिट्टी में फर्जी खरीदी

जिला सहकारी बैंक के अनुसार उपार्जन केन्द्र अमलमिट्टी में 1440 क्विंटल धान शेष बचा है वहीं विपणन अधिकारी के अनुसार सरगुजा के सभी केन्द्रों में संग्रहित धान का उठाव कर लिया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में संयुक्त टीम ने अमलमिट्टी केन्द्र में संग्रहित धान का भौतिक सत्यापन किया था। सत्यापन में 1440 क्विंटल धान कम मिला था। फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद मामले में एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। समिति प्रबंधक द्वारा बाद में धान की व्यवस्था कर संग्रहण दिखाया जा रहा है।

#### नहीं हुई है अधिक वर्षा

हर सप्ताह टीएल की बैठक में धान उठाव की चर्चा होती है। बैठक में संबंधित विभागों से धान के शीघ्र उठाव के लिए लगातार पत्राचार कर रहा है। प्रशासन द्वारा स्थानीय मिलरों से शेष बचे धान का उठाव कराने का आश्वासन दिया गया है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में संपूर्ण धान का उठाव कर लिया जाएगा। अभी धान खराब होने योग्य वर्षा नहीं हुई हैं।

-राजेन्द्र पाण्डेय
एडिशनल सीईओ, कोऑपरेटिव बैंक



## नशीले सिरप के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नशीली सिरप लेकर ग्राहक तलाश रहे युवक को प्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 35 सौ कीमत के 10 नगर नशीली सिरप जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे प्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चमनपुर की ओर से एक युवक पैदल बड़ी संख्या में नशीली सिरप लेकर बिक्री करने के शिवपुर की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम खजुरी-शिवपुर चौराहा के समीप चलगली थाना अंतर्गत ग्राम करी निवासी योगेन्द्र गुप्ता आ. कन्हाई साव को संदेह के आधार पर पकड़ा। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 35 सौ कीमत की 10 नग नशीली सिरप बरामद किया। पूछताछ में युवक ग्राहक की तलाश करने की बात बताई। पुलिस ने नशीले सिरप को जब्त कर युवक के विरूद्ध धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एएसआई हीरालाल साहू, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, मनोज केरकेट्टा, राहुल गुप्ता, आरक्षक अवधेश कुशवाहा, इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी, हरिचंद दास, वीरेंद्र कुजूर, भीमेश आर्मो व राजू एक्का सक्रिय रहे।



## 100 नग नशीले इंजेक्शन के साथ दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांधीनगर पुलिस ने अवैध रूप से नशीला इंजेक्शन बिक्री करने के मामले में दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से 100 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किया गया है जिसकी कीमत 50 हजार रुपए आंकी जा रही है। बताया जा रहा है कि 28 जून को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान कन्या परिसर रोड पर दो युवक झोला में सामान लेकर घूम रहे थे और पुलिस को देखते ही भागने लगे।

आशंका के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। युवकों की पहचान गंगापुर नालापारा निवासी 23 वर्षीय सूरज उर्फ रोहित दोहरे, भट्टापारा निवासी 20 वर्षीय रोहित मालाकार के रूप में की गई। आरोपियों की तलाश के दौरान उनके पास से झोला में रखा 100 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। जब्त इंजेक्शन की कीमत लगभग 50 हजार रुपए आंकी गई है। पूछताछ में आरोपियों ने अवैध रूप से नशीला इंजेक्शन की तस्करी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, सउनि विनय सिंह, आरक्षक अतुल सिंह, उमाशंकर साहू, बृजेश राय, अरविंद उपाध्याय, सत्यम, घनश्याम देवांगन एवं साइबर सेल से आरक्षक मनीष सिंह शामिल रहे।

### किसान सम्मेलन में जैविक-प्राकृतिक खेती को किया गया प्रोत्साहित

**प्रतापपुर।** संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया गया। किसानों को फसल में विविधता लाने के लिए जैविक खाद, जैविक दवा,जीवामृत खाद का प्रयोग, मचान खेती को बढ़ावा देना, लोकल बीज का प्रयोग करना, कम




लागत में ज्यादा मुनाफा कमाना, मिक्स क्रॉप को बढ़ावा देना, बीज का उपचार करके लगाने की जानकारी दी गई। साथ ही विधि का उपयोग कर मडिया, कोदो कुटकी, मेड़ों खेती को बढ़ावा देने की बात कही गई। फ्री मानसून खेती, हरित खाद का प्रयोग करना संगता समूह द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया। जैविक खेती के लिए अलग अलग जगह से किसानों ने अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शिव शंकर यादव, मिथलेश चक्रधारी एवं अभिषेक गुप्ता द्वारा अपनी विभागीय जानकारी एवं प्राकृतिक खेती के बारे में बताया गया। किसान सम्मेलन में 35 ग्राम पंचायत से 175 किसान के अलावा महिला समूह के दीदी, चैंपियन किसान, किसान मित्र, कृषि सखी एवं पशुसखी आदि किसान शामिल हुए। इस दौरान उप सरपंच नान सिंह, मान रूप, सालिक राम, सुखलाल, रामदेव के अलावा भूपेन्द्र बहादुर सिंह, भवर नन्द पैकरा, वीरेंद्र कुमार धुर्वे, सुरेश कुमार यादव, रमेश सिंह, रूपा सिन्हा, कलंत सिंह, रूपसाय राजवाड़े, सुरेन्द्र यादव, मनियारो, सरोज, भुनेश्वर, शिव मंगल , बालकुमारी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षक उपस्थिति पंजी में किया गया फर्जी हस्ताक्षर, बीईओ से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

शासकीय प्राथमिक शाला बगडा में पदस्थ शिक्षक लंकेश्वर राम व श्रीमती संगीता सेठ द्वारा शिक्षक उपस्थिति पंजी में एक-दूसरे का अनुपस्थिति दिवस पर फर्जी हस्ताक्षर लगातार उपस्थित दर्ज करते थे। घटना की शिकायत गांव के ही विकास कुमार तिवारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से की थी ।

फर्जी हस्ताक्षर की शिकायत पर पंचायत पदाधिकारियों द्वारा करने के दौरान पुष्टि हुआ कि 17 फरवरी से 19 फरवरी तक फर्जी हस्ताक्षर किया गया था। जिस पर शिक्षक उपस्थिति पंजी का अवलोकन हेतु मांगा गया तो उक्त दिवस पर सहायक शिक्षक संगीता सेठ अनुपस्थित थी। जिसके स्थान पर लंकेश्वर राम द्वारा हस्ताक्षर किया गया था। फर्जी हस्ताक्षर पर सफेदी लगा दिया गया। उक्त दिनांक पर सहायक शिक्षक संगीता सेठ अनुपस्थित थीं। बावजूद इसके उनका संपूर्ण माह का वेतन कैसे आहरण हुआ जबकि पंजी की फोटो कॉपी उपलब्ध है। शिक्षकों द्वारा नई पंजी मार्च से बनाकर हस्ताक्षर की जा रही है तथा पुरानी पंजी को विलोपित कर दिया गया है। जिसकी जानकारी अधिकारियों को दी जा चुकी है। इस कृत्य का जानकारी प्रधानपाठक रामदेव सिंह को भी थी, परंतु फिर भी उनके द्वारा उच्च कार्यालय को जानकारी प्रेषित नहीं किया गया।ग्राम पंचायत बगड़ा



निवासी विकास कुमार तिवारी ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत देकर मांग किया है कि शासकीय प्राथमिक शाला बगडा का शिक्षक उपस्थिति पंजी शैक्षणिक सत्र जून से वर्तमान माह तक का अवलोकन कर दोषी शिक्षकों के ऊपर उचित कार्रवाई एवं सहायक शिक्षक संगीता सेठ जो परिविक्षा अवधि में हैं, उन्हें उक्त दिवस का फर्जी हस्ताक्षर कर वेतन निकालने के आरोप में निलंबन अथवा बर्खास्त किया गया।

#### जांच कर कार्रवाई की जाएगी

फर्जी हस्ताक्षर करने की शिकायत मिली है। शिकायत संलग्न कर दिया गया है। आगे की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-मन्नू ध्रुव
विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रतापपुर

## अवैध संबंध से नाराज़ पत्नी ने पति पर हमला कराने की बनाई थी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

चार दिवस पूर्व मध्यरात्रि में लटोरी निवासी व्यवसायी पिता पुत्र पर मध्य रात्रि में तलवार से प्राण घातक हमला करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है।

- लटोरी सशस्त्र हमले के दोनों आरोपी सहित पत्नी हुई गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि गत 26 जून को लटोरी ग्राम निवासी संजय अग्रवाल ने लटोरी चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 25-26 जून की दरम्यानी रात्रि में करीब 1.15 बजे 2 अज्ञात व्यक्ति घर में डकैती करने के नियत से घुसे ,तब उनकी आहट व टार्च की रौशनी से व्यवसायी की नींद खुली तो आवाज़ लगाने पर एक व्यक्ति ने तलवार से प्राण घातक प्रहार कर दिया ,हो हल्ला होने पर इसके पिता सुभाष अग्रवाल भी उठकर बाहर आए तथा प्रहार करने वाले बदमाश को डण्डा से मारे, तब एक अन्य व्यक्ति इसके पिता पर तलवार से प्रहार कर दिया इस दौरान चिल्लाने की आवाज़ सुनकर पास के फौजी ढ़ाबा से कुछ लोग इनके घर तरफ आने लगे तो हमलावर दोनों व्यक्ति वहां से भाग गए।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

दोनों हमलावर व्यक्ति चेहरे में गमछा बांधे थे जिस कारण उन लोगों को पहचान नहीं पाए। अज्ञात हमलावर का तलवार व एक व्यक्ति का गमछा झूमाझटकी में वहीं छूट गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 307, 394, 450 भादसं. व 25 आर्म्स के तहत डकैती व हत्या के प्रयास का मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुटी थी।

इसी दौरान मुखबीर की सूचना पर संदेही सुनीता अग्रवाल, जगेश्वर चौधरी व मिथलेश चौधरी को पकड़ा गया। पूछताछ पर सुनीता अग्रवाल ने बताया कि उसके पति का अन्य दूसरी महिलाओं के साथ संबंध था जिस कारण उसे ऐसा करने से मना करती थी ,इसी बात पर दोनों का अक्सर विवाद होता रहता था ,इसी बीच जगेश्वर और मिथलेश से इसका परिचय हुआ और दोनों को बरगलाया कि मेरे पति घर में बहुत पैसा रखे है, घर वालों को मारकर पैसा उठाकर अपने साथ ले जाना और कुछ हिस्सा मुझे दे देना ,ऐसी योजना इन लोगों ने आपस में बनाई , और 25-26 जून की दरम्यिानी रात्रि को मोबाईल से सम्पर्क कर जगेश्वर व मिथलेश के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया है। कार्यपालिक दण्डाधिकारी की मौजूदगी में आरोपियों की शिनाख्ती कराने पर प्रार्थी के द्वारा आरोपियों की पहचान की गई। मामले में आरोपी सुनीता अग्रवाल पति संजय अग्रवाल उम्र 30 वर्ष ग्राम लटोरी, जगेश्वर चौधरी पिता महेन्द्र चौधरी उम्र 30 वर्ष ग्राम द्वारिकानगर व मिथलेश चौधरी पिता विष्णु प्रसाद चौधरी उम्र 33 वर्ष ग्राम बैगापारा लटोरी, चौकी लटोरी को गिरफ्तार किया गया।

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी विराट विशी, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, सुशील मिश्रा, पिंगल मिंज, भीखराम भगत, आरक्षक नंदकिशोर राजवाड़े, इस्तयाक अहमद, अम्बिका मरावी, शोभनाथ कुशवाहा, महिला आरक्षक मुनेश्वरी पैंकरा सक्रिय रहे।

### अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई


**राजपुर।** क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जांच कार्रवाई के दौरान अलख डीहा स्थित ढाबा संचालक 55 वर्षीय गंगा प्रसाद आ. रामधारी यादव के ढाबे से 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं बघिमा निवासी 28 वर्षीय दीपक पांडेय आ. रामलखन पांडेय के पास से 3.435 लीटर गोल्डन गोवा सहराब जब्त किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, एसआई दिनेश राजवाड़े, कमलेश्वर साय, सउनि फिलिरियूस टोप्पो, राकेश सिंह, प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, प्रकाश तिर्की राजेन्द्र धुव्र, आरक्षक सुनील तिर्की, शिवलाल, नरेन्द्र कश्यप, हरि डनसेना, शिवशंकर कुजूर, अमृत सिंह,रिंकू गुप्ता, विजय पैकरा, नानहेश्व पुलिस स्टाफ सामिल रहे।

## प्रधानमंत्री आवास का कार्य जल्द पूर्ण कराएं : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला पंचायत सभा कक्ष में पीएमएवाई, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन व एनआरएलएम की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदनी साहू द्वारा कार्य प्रगति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।


केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों में तेजी लाने हेतु निरंतर समीक्षाएं हो रही है। विगत 29 दिवस में जिले में 810 आवास पूर्ण हुए है। आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश नंदनी साहू की अध्यक्षता में जिले के सभी 6 जनपद पंचायतों का विस्तृत समीक्षा की गई। जिले को वित्तीय वर्ष 2016-23 तक 37,568 आवासों की स्वीकृति प्राप्त है, जिसमे से आज तक 34,444 आवास पूर्ण हो चुके है तथा 3124 आवास अभी भी पूर्णता हेतु लंबित है। इनमे से 1098 हितग्राहियों ने प्रथम किस्त की राशि लेने के पश्चात प्लिंथ तक का कार्य नहीं किए है। 1058 हितग्राहियों ने दो किस्त की राशि लेने के पश्चात छत स्तर तक का काम नहीं करा रहे है और 599 आवास के हितग्राहियों ने तृतीय किस्त तक की राशि लेने के पश्चात



आवास पूर्ण नहीं करा रहे है। शेष 369 हितग्राहियों को राशि हस्तांतरित किए जाने के लिए एफटीओ तैयार किया गया है। पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठकों के अनुसार शेष आवासों को तीन तिथियों 31 मई, 15 जून व 30 जून में विभक्त करते हुए पूर्ण करने का निर्देशित किया गया था। जिसमें जिले में 31 मई में 76 प्रतिशत 15 जून में 67 प्रतिशत व 30 जून में 35 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल हुई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी लंबित आवासों को 31 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। जिसके तहत आगामी 4 सप्ताह का प्रत्येक सेक्टर अधिकारी तथा मनरेगा टीए से लक्ष्य लिया गया। बैठक में सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिक सेवा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, उप अभियंता आरईएस, पीडब्ल्यूडी, डबल्यू आरडी, पीडब्लूडी, पीएमजीएसवाई, एमएमजीएसवाई, तकनीकी सहायक मनरेगा तथा आवास योजना के जिला समन्वयक, सहायक प्रोग्रामर, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक उपस्थित रहें।

## लाठी से हमला कर युवक की हत्या आरोपी को आजीवन कारावास

**अम्बिकापुर।** डंडे से हमला कर युवक की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। प्रथम सत्र न्यायाधीश ने आरोपी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बता दें कि लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लहपटरा निवासी अजय कुमार राजवाड़े आ. शिवप्रकाश राजवाड़े का शव 17 नवम्बर 2021 को लहपटरा अस्पताल के पीछे सड़क किनारे मिला था। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई थी कि युवक का मोबाइल फोन 15 नवम्बर को गुम हो गया था जबकि 16 नवम्बर को दोपहर 3.30 बजे वह घूमने के लिए निकला था लेकिन वापस घर नहीं लौटा। अगले दिन युवक का खून से सना शव बरामद किया गया। इस मामले में जांच उपरांत पुलिस ने लहपटरा निवासी 24 वर्षीय सत्यनारायण राजवाड़े उर्फ सुन्दूर राजवाड़े आ. रामजतन राजवाड़े को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में यह बात सामने आई थी कि आरोपी व मृतक के बीच किसी युवती को लेकर विवाद हुआ था और जब अजय कुमार राजवाड़े जाने लगा तो पीछे से आरोपी सत्यनारायण ने लाठी से हमला कर दिया था। सिर पर लाठी से किए गए प्रहार से युवक की मौत हो गई थी।



# यादगार किरदारों के लिए गंभीरता जरूरी : नवाजुद्दीन

**नई दिल्ली।** साल 2018 में मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणवीर सिंह ने अलाउद्दीन खिलजी का ऐतिहासिक किरदार निभाया था। अभिनेता ने बताया था कि इस किरदार को निभाने के लिए डार्क जोन में चले गए थे और अकेले रहने लगे थे, जिस वजह से इस किरदार का उन पर गहरा असर हुआ था। उनके इस बयान को अभिनेता प्रशांत नारायणन ने झूठ और बकवास करार दिया था, जिसपर अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने रणवीर का समर्थन करते हुए बिना नाम लिए प्रशांत नारायण के बयान को गैर-जिम्मेदाराना बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के किरदार तभी जीवंत होते हैं, जब कोई अभिनेता गंभीरता से इन किरदारों को निभाता है।

## लाइफ Style



# श्रद्धा


## अमिताभ की तारीफों के बांधे पुल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'कल्कि 2898 एडी' फिल्म हाल में ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। बॉक्स ऑफिस पर हुई फिल्म की कमाई बताती है कि फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। इस फिल्म को दर्शकों के अलावा फिल्मी हस्तियों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

फिल्म में अमिताभ बच्चन के अभिनय और उनके किरदार पर दर्शक काफी प्यार लुटा रहे हैं। इस कड़ी में अब अभिनेत्री श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल में ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बहुचर्चित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की समीक्षा की है। इस दौरान उन्होंने महानायक अमिताभ बच्चन की काफी तारीफ की है। इस वक्त पूरे देश में 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर चर्चा हो रही है। ऐसे में श्रद्धा कपूर भी इस फिल्म को देखे बिना नहीं रह पायीं और फिल्म देखने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने लिखा,' क्या उत्तर, क्या दक्षिण, क्या पूर्व, क्या पश्चिम। सारा सिनेमा एक तरफ।' अगली स्लाइड में उन्होंने फिल्म से बिग बी की एक तस्वीर साझा करते हुए आग और सैल्यूट इमोजी के साथ लिखा, 'अमिताभ बच्चन एक तरफ।' इसके अलावा पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने अमिताभ बच्चन को टैग करते हुए लिखा,'आप अपने आप में ही एक सिनेमैटिक यूनिवर्स हैं।' उनके पोस्ट से जाहिर है कि फिल्म में अमिताभ बच्चन के अभिनय ने उनका दिल जीत लिया है। श्रद्धा कपूर हिंदी ने अब तक के करियर में वह कई शानदार फिल्मों का हिस्सा रही है।

## हॉलीवुड मसाला




# इनसाइड आउट-2 का दबदबा कायम

**लॉस एंजिलिस।** एनिमेटेड फिल्म इनसाइड आउट 2 का बॉक्स ऑफिस पर धमाल जारी है। डिज्नी/ पिक्सर की यह फिल्म दुनियाभर में धमाकेदार कमाई कर रही है। गुरुवार तक इस फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 86.31 करोड़ डॉलर का कलेक्शन कर लिया। कमाई के मामले में इसने अपनी मूल फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है। इनसाइड आउट ने 85.9 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। वहीं, इसके सीक्वल ने रिलीज के सिर्फ 16 दिनों में ही यह कारनामा कर दिखाया है।



# यौन उत्पीड़न के आरोप में तीन साल की मिली सजा

**लॉस एंजिलिस।** फ्रांस के राष्ट्रीय फिल्म बोर्ड के अध्यक्ष डोमिनिक बाउटोनेट को अपने गॉडसन पर यौन उत्पीड़न के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद तीन साल की जेल की सजा दी गई है। इसमें वह एक साल हिरासत में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें फ्रांस के राष्ट्रीय सिनेमा केंद्र (सीएनसी) के प्रमुख के पद से भी इस्तीफा देना पड़ा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोमिनिक बाउटोनेट को जेल में समय नहीं बिताना पड़ेगा, लेकिन उम्मीद है कि वह हिरासत के एक साल तक इलेक्ट्रॉनिक ब्रेसलेट के साथ घर में नजरबंद रहेंगे। डोमिनिक बाउटोनेट ने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने अदालत से बाहर निकलते समय अपनी बेगुनाही की पुष्टि की थी। इसके साथ ही कहा था कि वे फैसले और सजा के खिलाफ अपील करेंगे।



# दस साल के शुद्ध प्रेम का जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में वह अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अपनी शानदार अदाकारी के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपने पेट डॉग चिन्नू के लिए दिल छू लेने वाला एक नोट लिखा है। '29 जून 2014 को एक गर्म और उमस भरे दिन में चिन्नू घर आया। वह एक छोटे से बिंदु की तरह दिख रहा था, जो बाद में मेरे परिवार और दोस्तों के बीच शामिल हो गया। दस साल के शुद्ध प्रेम का जश्न मनाना, हंसी और आंसू बांटना, बगीचे में टहलना, अपनी भौंकने की आवाज से बड़े-बड़े प्यारे जानवरों को डराना और भी बहुत कुछ। इसके साथ ही उसे सभी से मिल रहे प्यार का जश्न मनाना।



# 'कल्कि 2898 एडी' की जमकर तारीफ की

**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को देखकर फिल्मी सितारे अपने प्रतिक्रिया दे रहे हैं। शनिवार को सुपरस्टार रजनीकांत ने भी फिल्म देखने के बाद जमकर तारीफ की है, साथ ही दूसरे पार्ट के प्रति उत्साह जाताया है। अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' सिनेमाघरों में लगी हुई है। ओपनिंग डे पर फिल्म को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली। दर्शकों के साथ-साथ फिल्मी सितारे भी इस फिल्म को देखने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हाल ही में अभिनेता रजनीकांत ने इस फिल्म को देखने के बाद तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल से पोस्ट साझा की है।'फिल्म'कल्कि 2898 एडी' देख ली है। और वाह! क्या शानदार फिल्म है।

## टीवी मसाला



# चिराग-दीपिका की अनोखी प्रेम कहानी

**मुंबई।** स्टार प्लस अपने दर्शकों के लिए कई दिलचस्प मजेदार टीवी शोज पेश करता रहता है। ऐसे टीवी शोज जो अपनी कहानी से लोगों के दिलों में खास जगह बना लेते हैं। ऐसे ही मनोरंजक टीवी सीरियल्स के लिए प्रसिद्ध है स्टार प्लस। स्टार प्लस के पास शो की एक अद्भुत श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य न केवल मनोरंजन करना है बल्कि सक्त बनाना भी है। इस सूची में कई टीवी सीरियल्स शामिल हैं, जैसे आज के समय में सभी का पसंदीदा टीवी शो 'अनुपमा', 'गुम है किसी के प्यार में', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'उड़ने की आशा', 'माटी से बंधी डोर', 'झनक' और 'ये है चाहतें'। ये सभी टीवी सीरियल्स फैमिली ड्रामा, रोमांच और रोमांस से भरे हुए हैं। ये सभी टीवी धारावाहिक दर्शकों को बेहद पसंद हैं। अब इसी कड़ी में एक और टीवी सीरियल जुड़ने जा रहा है। स्टार प्लस अपने दर्शकों के लिए एक और रोमांच और रोमांस से भरा टीवी सीरियल लेकर आ रहा है, जिसका नाम है 'दिल को तुमसे प्यार हुआ'। यह शो पूरी तरह से एक प्रेम कहानी पर आधारित है। इस टीवी शो में अदिति त्रिपाठी (दीपिका की भूमिका) और अक्षित सुखिजा (चिराग की भूमिका) मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

## दर्शकों को गुदगुदाने वापस आ रहे हैं जाकिर



**नई दिल्ली।** कॉमेडियन जाकिर खान आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से काफी लोकप्रियता हासिल करने के साथ-साथ अपने फैंस के दिल में स्थायी तौर पर जगह बना ली है। वह एक लोकप्रिय भारतीय कॉमेडियन, लेखक, कवि के साथ-साथ एक अच्छे अभिनेता भी हैं। वह साल 2012 में कॉमेडी सेंट्रल की एक कॉमेडी प्रतियोगिता जीत कर चर्चा में आए थे। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जाकिर खान एक बार फिर से दर्शकों के दिल पर राज करने आ रहे हैं। वह जल्द ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले अपने नए शो 'आपका अपना जाकिर' के साथ छा जाने को तैयार हैं। शो में दर्शकों को उनकी हंसी, शायरी और जिंदगी से जुड़े दिलचस्प वाकये और नुस्खे देखने को मिलेंगे।

# जूही ने 'विद लव, आप की सैयारा' नाटक के साथ बनाया रिकॉर्ड...



**मुंबई।** राज बब्बर और नादिरा बब्बर की बेटी व अभिनेत्री जूही बब्बर ने एक उपलब्धि हासिल की है। उनका चर्चित नाटक 'विद लव, आप की सैयारा' ने शतक लगा दिया है। शुक्रवार 28 जून को इस नाटक का 100वां शो दिखाया गया। बेटी की इस उपलब्धि मे पिता राज बब्बर भी शामिल हुए। उनके अलावा जूही बब्बर के हमसफर व अभिनेता अनूप सोनी भी नजर आए। इनके अलावा और भी कई हस्तियां शो देखने पहुंचीं। जूही बब्बर ने 'विद लव, आप की सैयारा' नाटक के 100 शो पूरे होने की खुशी को सौ महिलाओं के साथ सेलिब्रेट किया। इस खास अवसर पर चर्चित अभिनेत्री तापसी पन्नू, नंदिता दास, रसिता जोशी सहित टीवी की चर्चित अभिनेत्री सौम्या टंडन भी शामिल हुईं।



# अभी शादी नहीं करेंगे जैस्मिन व अली!

**नई दिल्ली।** जैस्मिन भसीन और अली गोनी टीवी की सबसे प्यारी जोड़ियों में से एक हैं। वह काफी समय से एक दूसरे के साथ हैं। दोनों से अक्सर उनकी शादी के बारे में सवाल पूछे जाते हैं और तरह-तरह की अटकलें लगाई जाती हैं। अब अभिनेत्री जैस्मिन भसीन ने अपनी शादी को लेकर संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वे जल्दी शादी के बंधन में नहीं बंध सकते हैं। दरअसल, हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान जब उनसे उनकी शादी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब मन करेगा तब वो ऐसा करेंगे। उन्होंने यह भी साझा कि फिलहाल दोनों अपने-अपने काम में व्यस्त हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक साक्षात्कार के दौरान जैस्मिन ने कहा कि शादी को लेकर उन दोनों ने अभी कोई योजना नहीं बनाई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी बैठकर ये योजना नहीं बनाई की वो इसे कल या परसो कर ले। जब उनका मन करेगा तब शादी कर लेंगी।

## 'सोहनी महिवाल' के लिए अनुपमा देशपांडे को मिला फिल्मफेयर पुरस्कार

# स्क्रैच सुनने के बाद आशा भोसले ने कहा, इसी आवाज में रहेगा फिल्म में ये गाना



***मुंबई।** हिंदी सिनेमा की शीर्षस्थ गायिकाओं में शुमार आशा भोसले की आत्मकथा के विमोचन पर जिस अंदाज में गायक सोनू निगम ने उनका अभिनंदन किया, वह एक मिसाल है। आशा भोसले को उनकी बाद की पीढ़ी के गायकों का खूब प्यार और सम्मान मिला है और इसे हासिल करने के लिए आशा भोसले ने बरसों तक कड़ी मेहनत भी की है। आशा भोसले को हिंदी सिनेमा में एक बेलौस और बिंदास शख्सियत के तौर पर जाना जाता है, लेकिन क्या आपको पता है कि आशा भोसले की बदौलत ही गायिका अनुपमा देशपांडे का करियर चमका था और उन्हें फिल्म 'सोहनी महिवाल' के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला।*

### अनु मलिक की बदली तकदीर

फिल्म 'सोहनी महिवाल'का एक सुपरहिट गाना है, सोनी चनाब दे किनारे। आनंद बक्षी ने यूं लगता है कि जैसे अपना दिल उड़ेल दिया हो इस गाने में। अनु मलिक ने भी ये गाना इसकी पूरी पंजाबियत के साथ कंपोज करके अपने पिता सरदार मलिक का नाम रोशन किया। गाने की धुन तैयार होने के बाद आशा भोसले को जब मौका मिला तो वह आईं गाना रिकॉर्ड करने। गाने का मूड समझाने के लिए उन्हें इसका स्क्रैच सुनाया गया, इसे सुनकर ही आशा भोसले को ये गाना डब करना था। आशा ने जैसे ही गाने का मुखड़ा सुना, उन्होंने आंखें मूंद ली। पूरा गाना सुनने तक वह यूं ही बैठी रहीं। अनु मलिक परेशान। कहीं गलती तो नहीं हो गई।

### गाना यही रहेगा

लेकिन, स्क्रैच सुनने के बाद आशा भोसले ने जो कहा उसकी मिसाल अभी और कई पीढ़ियों तक दी जाती रहेगी। उन्होंने कहा कि इस स्क्रैच को ही फिल्म के साउंडट्रैक में फाइनल सॉन्ग समझकर शामिल कर लो। इस गायिकी से बेहतर गाना बहुत मुश्किल है। स्क्रैच वाला गाना ही फिल्म में इस्तेमाल हुआ और इसी गाने के लिए उभरती गायिका अनुपमा देशपांडे को मिला उनके करियर का पहला बेस्ट फीमेल सिंगर फिल्मफेयर अवार्ड।



### राजेश खन्ना के साथ बननी थी 'सोहनी महिवाल'

और, सिर्फ अनुपमा देशपांडे ही क्यों ये फिल्म तो इसके हीरो, हीरोइन और यहां तक कि इसकी सीनियर हीरोइन तक के लिए किस्मत का ऐसा ही खेल रही। गिनती के लोगों को ही पता होगा कि फिल्म 'सोहनी महिवाल' बननी थी उस समय के सुपरस्टार राजेश खन्ना के साथ। बी आर चोपड़ा उन दिनों पंजाब पहुंचे हुए थे अपनी फिल्म 'कर्म'की शूटिंग करने। वहीं उनको 'सोहनी महिवाल'पर पंजाबी में एक फिल्म बनाने का आइडिया आया। राजेश खन्ना से उन्होंने जिक्र किया तो वह भी चहक उठे। रूमानियत के राजकुमार को ऐसी ही एक कहानी बेसब्री से इंतजार भी था। फिर फोन गया नीतू सिंह के पास तो वह भी झट से तैयार हो गईं। बी.आर. चोपड़ा ने वहीं आनन-फानन अगले दो तीन दिन में फिल्म 'सोहनी महिवाल'बनाने का ऐलान कर दिया।

### कुमार गौरव को ऑफर हुई थी फिल्म

फिल्म 'सोहनी महिवाल' भारत और रूस के बीच सिनेमा को लेकर हुए समझौते के तहत बनने वाली दूसरी फिल्म थी। निर्देशक उमेश मेहरा ने इस फिल्म को हिंदी में निर्देशित किया और रूसी भाषा में इसे निर्देशित करने का जिम्मा संभाला था लतीफ फैजीयेव ने। फिल्म में महिवाल का किरदार पहले पहल कुमार गौरव को ऑफर हुआ। कुमार गौरव की 'लव स्टोरी' रिलीज हो चुकी थी और उनके करियर की कमान उन दिनों उनके पिता और जुबली कुमार के नाम से मशहूर रहे राजेंद्र कुमार के हाथों में थी। इंडो रशियन प्रोजेक्ट देख राजेंद्र कुमार ने उमेश मेहरा से खासी मोटी रकम मांग ली। और, कुमार गौरव के हाथ से फिल्म निकल गई। इसके बाद उमेश मेहरा ने राज कपूर के बेटे राजीव कपूर को फिल्म में लेने का मन बनाया लेकिन वह 'राम तेरी गंगा मैली'के लिए अपनी तमाम तारीखें दे चुके थे। फिल्म का जिक्र इसके बाद धर्मेंद्र के सामने हुआ तो उन्होंने महिवाल के किरदार के लिए सनी देओल को लेने के बात कही। सनी देओल को महिवाल का किरदार पसंद आया और उन्होंने हां भी कर दी।

## खबर संक्षेप

### परिवहन कार्यालयों के माध्यम से मिलेंगे प्रमाण पत्र

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर आम नागरिकों को एक और नई सुविधा परिवहन विभाग के माध्यम से मिलने जा रही है। ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र आवेदक द्वारा दिए गए पते पर नहीं पहुंचने पर आवेदकों को उनके जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। परिवहन विभाग द्वारा यह सुविधा एक जुलाई से लागू की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय के समक्ष यह बात सामने आई कि परिवहन विभाग द्वारा डाक के माध्यम से भेजे गए कई ड्राइविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र पता सही नहीं होने के कारण नया रायपुर स्थित परिवहन विभाग के मुख्यालय इन्द्रावती भवन में वापस लौट आते थे, ऐसे आवेदकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए नवा रायपुर आना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने आवेदकों की दिक्कतों को महसूस करते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि किसी वजह से अप्राप्त रहे ड्राइविंग लाईसेंस तथा पंजीयन प्रमाण पत्र संबंधित जिले के क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय, जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से वितरित किए जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अस्पष्ट अथवा अपूर्ण पते के कारण नवा रायपुर स्थित परिवहन मुख्यालय लौटने वाले ड्राइविंग लाइसेंस और पंजीयन प्रमाण पत्र लेने के लिए नवा रायपुर आने की जरूरत नहीं होगी। आवेदक संबंधित कार्यालय से वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर अपने चालक लाईसेंस अथवा पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा सभी अधीनस्थ कार्यालयों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### नगर में विधिक साक्षरता के तहत किया गया जागरूक



**नगर।** जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर के न्यायिक दंडाधिकारी राकेश खलखो द्वारा बैकुंठपुर विकासखंड़ के ग्राम नगर में विधिक साक्षरता के तहत उपस्थित लोगों को संबोधित किया गया। इस दौरान उन्होंने नए कानून की जानकारी के साथ किशोरों को बिना बीमा व बिना लाइसेंस के वाहन चालन करने पर होने वाले सजा व जुर्माना के बारे में बताया। साथ ही बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने व युवाओं को नशे से दूर रहने की सलाह दी। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता यज्ञदत्त मिश्रा, वार्ड पंच चंद्रशेखर राजवाड़े ,अफरोज खान, अमित, आशिफ, संस्कार, अर्पित, इशू, लक्ष्मीबाई, पूर्व उप सरपंच राजीव मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### रजवार समाज ने मेघावी छात्रों को किया सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** रजवार समाज बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर समाज के मेघावी छात्रों को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार आयोजित कार्यक्रम 30 जून को ओड़गी में आयोजित की गई। इसमें समाज के प्रतिभाशाली छात्रो को प्रोत्साहन राशि एवं स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाडे के द्वारा प्रदान किया गया। जानकारी के अनुसार कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के मेघावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। बैठक की अध्यक्षता रजवार समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष राम प्रसाद राजवाड़े ने की। इस अवसर पर समाज के जिला अध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े, प्राण बहादुर राजवाड़े, राजेश राजवाडे, राम कृपाल राजवाड़े, ईश्वर प्रसाद राजवाड़े, श्रीमती कामिनी राजवाड़े, धर्मवती राजवाडे, सुशीला राजवाडे, राजलाल राजवाड़े, हरिप्रसाद राजवाड़े, गोपाल राजवाडे सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विश्वनाथ राजवाडे के द्वारा किया गया।

### जंगल में पुटू बीनने गई महिला पर 3 भालुओं ने किया हमला

**कोरबा।** गर्मी के बाद बरसात की दस्तक के साथ ही जंगलों में पुटू की पैदावार शुरु हो जाती है। इसी पुटू को जंगल में लेने गई एक महिला पर तीन भालुओं ने एक साथ हमला कर दिया। इस हमले में महिला बुरी तरह घायल हो गई जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बालको वन परिक्षेत्र के ग्राम बेला से लगे नवाडीह टापरा जंगल में शनिवार की सुबह बेला गांव में रहने वाली 36 वर्षीय कमला भगत गांव के ही 15 लोगों के साथ जंगल में पुटू बीनने गई थी। सभी लोग जंगल में अलग अलग स्थानों पर पुटू की खोज कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तीन भालू आ गए और कमला भगत पर हमला कर दिया। जंगल में भालु के हमले के बाद चीख-पुकार मच गई। कमला की आवाज सुनकर आसपास पुटू बिन रहे सभी लोग पहुंचे और भालुओं को किसी तरह भगाया।

## डॉक्टर डे : धरती पर भगवान के बाद मरीजों के लिए डाक्टर्स ही फरिश्ता

# वनांचल में लंबे समय से मरीजों की सेवा कर रहे चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



इस धरती पर भगवान के बाद डाक्टर किसी मरीज के लिए फरिश्ता से कम नहीं होता है। नेशनल डॉक्टर्स डे उन सभी डॉक्टर के साथ, अन्य उन चिकित्सकों के प्रति भी सम्मान प्रकट करने का विशेष दिवस है,जो अपने सामाजिक सराकोर एवं परमार्थ के लिए समाज में विनम्रता, मरीजों के सहयोग एवं विशिष्ट सेवाभाव की वजह से अन्य चिकित्सकों से विशेष स्थान रखते हैं।

घुटरा जैसे आदिवासी वनांचल में पदस्थ शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रमुख डॉ.संदीप चंदेल का कहना है कि डॉक्टर जब सामाजिक दृष्टिकोण अपनाते हुए व्यवहारिक रूप से मरीजों की सेवा करता है तो उसे आत्मिक सुख एवं मरीजों की सद्भावना प्राप्त होती है। वे विगत तीन वर्षों से पतंजलि योग समिति के स्वास्थ्य योग शिविर में अब तक सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं चिकित्सा दे चुके हैं।

आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके डॉक्टर संदीप चंदेल आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को स्वस्थ रहने का विज्ञान बताते हुए कहते हैं कि हमारे आचार्यो ने आहार-विहार ऋतुचार्य दिनचर्या, रात्रिचर्या, पथ्य एवं अपथ्य,आहार विहार एवं सामान्य रोगों के लिए दिशा-निर्देश बनाए हैं। यदि कोई व्यक्ति इन नियमों का पालन करता है तो वह कभी रोगी हो ही नहीं सकता। डॉक्टर संदीप चंदेल निःसहाय गरीब और जरूरतमंद मरीजों की मददगार डॉक्टर के रूप में अपनी कर्मभूमि में अलग पहचान बना चुके हैं। उनका कहना है कि हमारा शरीर पांच भौतिक प्राकृतिक चीजों से बना है और इन्हीं पांच भौतिक प्राकृतिक चीजों से हमारी औषधीय बनी होती है, इसीलिए कभी भी आयुर्वेदिक औषधियां का दुष्प्रभाव हमारे शरीर पर नहीं पड़ता है।

पंचकर्म की त्रिदोष चिकित्सा विशेषज्ञ और औषधि सेवन चिकित्सा, स्वेदन, चिकित्सा,मानसिक और आध्यात्मिक उपचार के लिए मनेन्द्रगढ़ की लोकप्रिय, युवा चिकित्सक प्रिया विश्वकर्मा,योग एवं प्राणायाम से शारीरिक अक्षमता को दूर करने की पक्षधर हैं। प्रिया विश्वकर्मा, महाराष्ट आरोग्य विज्ञान विद्यापीठ नासिक के आयुर्वेद के डॉ.लक्ष्मीकांत शुक्ला के साथ वात, त्वचा, मूत्र और अन्य बीमारियों पर कार्य कर रही है।

देवांग आयुर्वेद संस्थान के संचालक डॉ.लक्ष्मीकांत शुक्ला आयुर्वेद को जीवन का विज्ञान बताया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार केवल बीमारियों से मुक्ति का नाम स्वास्थ्य नहीं है, बल्कि यह शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन की स्थिति है। आचार्य सुश्रुत का उदाहरण देते हुए पंचकर्म एवं प्रॉक्टोलॉजिस्ट डॉ.लक्ष्मीकांत शुक्ला ने कहा कि एक चिकित्सक का दायित्व मरीजों को उचित परामर्श एवं चिकित्सा करना है। चिकित्सक को सदा व्यवसायिक दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिए, बल्कि गंभीर मरीजों को तत्काल उचित परामर्श एवं चिकित्सा देकर उसके जीवन की रक्षा करने का सर्वोपरि लक्ष्य होना चाहिए।

### पंप लगाने वालों पर निगम की कार्रवाई, 3 पंप जब्त

**कोरबा ।** नलों में वाटर पंप लगाकर पेयजल की सुचारू व्यवस्था में बाधक बनने वालों पर निगम ने कार्यवाही करते हुए फायर कॉलोनी, बेलगरी बस्ती व अमर सिंह होटल के पीछे बालको क्षेत्र से 3 पंप की जप्ती की है तथा संबंधितों को चेतावनी दी है कि वह दोबारा वाटर पंप न लगाएं अन्यथा और अधिक कड़ी कार्रवाई होगी, अर्थ दंड भी लगेगा तथा नल कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही भी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा नियमित रूप से सुबह शाम दिन में दो बार पेयजल की आपूर्ति पाइपलाइन व नल कनेक्शन के माध्यम से निगम क्षेत्र के वार्ड व बस्तियों में की जाती है, निगम का प्रयास रहता है कि सभी घरों में पर्याप्त रूप से पानी पहुंचे तथा नागरिकों को पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, किंतु कतिपय लोगों द्वारा अपने नल कनेक्शन में पंप लगाकर अपने घरों में ज्यादा पानी खींचा जाता है, जिससे अन्य लोगों के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है तथा उन्हें आवश्यकता के अनुरूप पानी नहीं मिल पाता है, इस संबंध में प्राप्त शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाईं ने आमजन के हित में पंप लगाने वालों पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

# दोपहिया वाहन चोरी करने वाले 3 चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के सिटी कोतवाली थाना मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से दोपहिया वाहनों को चोरी कर उसके फर्जी कागजात तैयार करके उसे सस्ते दामों में बेचने वाले 3 वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 16 गाड़ियां बरामद की गई है जिसकी कीमत लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 23 जून 2024 को प्रार्थी सतीश कुमार अग्रवाल आ. स्व. घनश्याम दास

**खास बात**

- छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में देते थे चोरी की घटना को अंजाम, 16 गाड़ी बरामद

अग्रवाल उम्र 65 वर्ष निवासी विवेकानंद चौक मनेन्द्रगढ़ के द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था की वह अपनी स्कूटी मेस्ट्रो वाहन क्र. सी.जी.16 सी.जी. 1636 को घर के बाहर रखा था जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। उसी प्रकार रेलवे कालोनी मनेन्द्रगढ़ निवासी सुभाष कुमार द्वारा 29 जून 2024 को थाना सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ में रिपोट दर्ज कराया गया की वह अपनी मोटर सायकल लिवो होण्डा को अपने घर के बाहर 20 अक्टूबर 2022 को खड़ा किया था जिसे कोई



**ये आरोपी हुए गिरफ्तार**

1. विकास कुमार कोल पिता अजय कोल उम्र 26 वर्ष निवासी मौहारपारा मनेन्द्रगढ़।
2. सुमित जैन उर्फ मेहूल पिता स्व. महेन्द्र जैन उम्र 30 वर्ष निवासी चैनपुर मनेन्द्रगढ़।
3. निलेश लकड़ा पिता जगतराम लकड़ा उम्र 27 वर्ष निवासी रापाखेरवा मनेन्द्रगढ़।

अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थीगण की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटना मे वृद्धि होने पर अज्ञात चोरो के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के लिये पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी चन्द्रमोहन सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर के मार्गदर्शन, एसडीओपी अलेक्सियुस के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर मोटरसाइकिल चोरी के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के दौरान घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला गया जिसमे एक आरोपी स्कूटी को लेकर जाते दिखा। जिसके संबंध में पतासाजी करने पर मुखबिर से पता चला की मौहारपारा मनेन्द्रगढ़ का रहने वाला विकास कुमार कोल जो पिछले 02-03 सालो से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से मोटर सायकल को चोरी कर बिक्री कर रहा है। विशेष टीम के द्वारा काफी प्रयास के बाद आरोपी विकास कुमार कोल को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर उसके द्वारा विगत 02 वर्षो से (छ.ग.) एवं (म. प्र. ) से दोपहिया वाहनों को चोरी करना और नम्बर प्लेट बदलकर सस्ते दामों में बेचना स्वीकार किया गया आरोपी विकास कुमार कौल से कुलa 09 नग दोपहिया वाहन एवं आरोपी के निशानदेही पर सुमित जैन उर्फ मेहूल जैन से 04 नग मोटर सायकल तथा निलेश लकड़ा से 03 नग मोटर सायकल कुल 16 नग दोपहिया वाहन कीमत लगभग 7,50000.00 ( सात लाख पचास हजार रूपये) को जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

सम्पूर्ण कार्यवाही में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कश्यप, उनि सतेन्द्र सिंह, कसउनि नईम अख्तर, सउनि मनीष तिवारी, सउनि चेतन राजवाडे प्रधान आरक्षक, इस्तियाक खान, पुष्कल सिन्हा, राकेश शर्मा, आरक्षक जितेन्द्र ठाकुर, भुपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नवीन भारतीय न्याय संहिता 2023 पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट और पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने 28 जून को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के सभागार में जनप्रतिनिधियों और मीडिया को नए भारतीय न्याय संहिता 2023 की जानकारी दी। कलेक्टर श्री वेंकट ने बताया कि 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पूरे देश में लागू होंगे। उ

न्होंने कहा कि ये कानून पुराने ब्रिटिश कालीन कानूनों की जगह लेंगे, जो कि अब प्रासंगिक नहीं हैं। नए कानूनों से प्रकरणों के समाधान की समय-सीमा तय होगी, जिससे अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई संभव होगी। उन्होंने जोर दिया कि इन कानूनों के माध्यम से पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय मिलेगा और ई-साक्ष्य,जीरो एफआईआर और ई-एफआईआर जैसी सुविधाओं से नागरिकों को राहत मिलेगी। वहीं पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि नए कानून भारतीय संसद द्वारा अनुमोदित हैं और इन्हें तकनीकी विकास के अनुरूप बनाया गया है। इन कानूनों में अपराधियों के लिए नई सजा का प्रावधान है, इसमें बच्चों और महिलाओं के खिलाफ अपराध पर कड़ी सजा का उल्लेख किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया अब डिजिटल होगी और जीरो एफआईआर की सुविधा से नागरिक किसी भी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस आईपीसी के अंतर्गत पहले बच्चियों से संबंधित था, जिसे अब बालक एवं बालिकाओं के लिए किया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नए कानून के अंतर्गत पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भी समय का निर्धारण किया गया है।

**खास बात**

- आत्मानंद स्कूल में सेमिनार, आज से होगा लागू

उन्होंने बताया कि अर्थदंड में परिवर्तन करते हुए वृद्धि की गई है, जोकि प्रासंगिक एवं सामयिक है। इसके साथ ही अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा की बात की गई है। हमारे जो इंडियन पीनल कोड, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड कानून 1860 का कानून था, जो हमारी आजादी के 150 से 200 पुरानी कानून थे और हम लोग आज भी इसी कानून में काम कर रहे थे।

अब समय भी बदल गया है और समय बदलने के साथ-साथ आज आजादी के 75 साल में अब टेक्नोलॉजी का भी विकास हुआ है, जिसके कारण इस कानूनों में भी बदलाव जरूरी था। हमारे भारत देश में जनता ही जर्नादन है जनता ही शासन है। इस कानून को बनाने के लिए हमारे पुराने पब्लिक होल्डर, पुलिस, जनता, बिजनेश सेक्टर ऑफिसर के साथ सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों ने इस नवीन भारतीय न्याय संहिता को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस कानून के अलग-अलग धाराओं में सजा के लिए परिवर्तन किया गया है। कानूनों में एकरूपता लाने के लिए इस नया कानून को लाया गया है। उन्होंने बताया कि अब 7 वर्ष से ज्यादा सजा की अवधि केउपरांत अपराधों में न्याय दल गठित किया जाएगा एवं साक्ष्य एकत्रित करने के बाद विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रकरणों के निराकरण के लिए नए कानून में समय-सीमा का निर्धारण किया गया है और पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के साथ ही विभिन्न प्रावधान लागू किए गए हैं।

विशेषकर आपराधिक मामलों में तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इन नए तीनों कानूनों के संबंध में आम नागरिकों को भी जानकारी होना चाहिए। नए कानून में आरोपियों के लिए नए प्रावधान किए गए हैं। यह सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। अगर पीड़ित पक्ष को न्याय समय पर मिले और पुलिस समय पर विवेचना करें, इसके लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। आम नागरिक के लिए यह एक बहुत ही अच्छा कानून बनाया गया है, ताकि उन्हें सुविधा मिल सकें।

* **कोरबा।** पंचायत सचिव संघ के बीते एक सप्ताह से हड़ताल पर जाने से पंचायतों के काम ठप पड़े हुए हैं, जिसे लेकर लोग आक्रोशित होने लगे हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आकाशीय बिजली ...

**दीवार छेदकर बाहर निकला वज्रपात-** बीते दिनो श्याम बिहारी के घर गिरी आकाशीय बिजली गिरी, लेकिन घटना ऐसी हुई कि विश्वास नहीं होता। श्याम बिहारी के ससुर गोरेलाल ने बताया कि दामाद सड़क किनारे अपना छोटा आशियाना बनाया है, जिसमे बरसात के बीच दोपहर के समय आकाशीय बिजली घर पर लगाए गए शीट को छेदकर घर में गया और फिर एक दीवार को छेदकर दूसरे कमरे में गया, जहां रखे पुरानी टीव्ही, बिजली बोर्ड, रिसीवर, छोटा साउंड बॉक्स व दो छोटे मोबाइल को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसी कमरे के नीचले हिस्से की दीवार को छेदकर वज्र बाहर निकल गया और पास ही एक गढ्ढे में समा गया। बताते हैं कि जिस वक्त आकाशीय बिजली श्याम बिहारी घर गिरा उस वक्त आस पास काफी उजाला हो गया था। **ग्रामीण को मुआवजे की जरूरत-** पीड़ित ग्रामीण श्याम बिहारी अपने ससुराल लटमा में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन कर रहा है। ससुर के पास भी पर्याप्त भूमि नहीं है। ऐसे में आकाशीय बिजली गिरने के कारण उसे काफी नुकसान पहुंचा है। इसकी भरपाई के लिए मुआवजे की जरूरत है, ताकि नुकसान की भरपाई हो सके।

### 2036 ने दी प्री ...

किया गया, इसके लिए कुल 16 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए थे। इस परीक्षा में 4774 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे, इसमें 3336 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 1438 परीक्षार्थी किन्हीं कारणों से परीक्षा में शामिल नहीं हुए। इसी तरह प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा में 69 प्रतिशत ने परीक्षा दी और 31 प्रतिशत अनुपस्थित रहे।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह जून 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जून 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जुलाई 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## शाला प्रवेश उत्सव

### गर्ल्स स्कूल में तिलक लगाकर कराया प्रवेश



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में 26 जून को प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम विद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात छग शासन के मुख्यमंत्री व स्कूल शिक्षा मंत्री के प्रवेशोत्सव संबंधी संदेश का वाचन प्राचार्य श्री गुप्ता व वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सी सिंह के द्वारा किया गया। आडिटोरियम में अपने-अपने पालकों के साथ आए नवप्रवेशी छात्राओं को सम्मान देते हुए चंदन रोली का तिलक लगाकर मूंह मीठा कराते हुए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक व गणवेश आदि का वितरण किया गया। प्राचार्य श्री गुप्ता द्वारा सभी शैक्षणिक परिवार व छात्राओं को नए सत्र में नई ऊर्जा के साथ विद्यालय में गुणवत्तायुक्त दिए गए दायित्वों का सुचारू रूप से संचालन करने की बात कही गई। प्रवेशोत्सव में उपस्थित छात्राओं के लिए न्यौता भोज की व्यवस्था स्कूल में मध्यान्ह भोजन संचालित कर रहे स्व सहायता समूह के संचालक मो.शमीम द्वारा दाल, चावल, पूड़ी, सब्जी, खीर, सलाद, पापड़ आदि की व्यवस्था की गई। आभार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती पी सिंह ने उपस्थित सभी पालकों से अपील करते हुए पूर्ण जिम्मेदारी के साथ प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए अपील किया गया। कार्यक्रम में सी सिंह,पी सिंह, शाहिस्ता अंजुम अली, सुमन गुप्ता, आरएल गौतम, ए शर्मा, मीनाक्षी जायसवाल, वीरेन्द्र सिंह,संजय यादव, विपिन कुमार मिश्रा, स्वीटी मिश्रा, जे दुबे, अनुराधा सोनपाकर के शिवहरे, आर जगत, एस श्रीवास्तव, फगनीबाई पैकरा, सविता सिंह, के सोनवानी, एन दिवाकर, अल्फा वरवा, एनएल सोनी, सुशीला मेरी, प्रतिमा त्रिवेदी, अनुश्री देव, शायरा बानो, सपना दुबे, राकेश देवांगन, विवेक पांडेय, सोमेश कौशिक, आशीष चंदेल, सुमन होता, घनश्याम, नीलिमा, शीलवंती, पालक सदस्य सहित सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आरएल गौतम द्वारा किया गया।

### चैनपुर में धूमधाम से मना शाला प्रवेशोत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनेन्द्रगढ़ संकुल का प्रवेशोत्सव प्राथमिक शाला चैनपुर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जमुना प्रसाद पांडेय ,नगर मंडल अध्यक्ष आलोक जायसवाल, विवेक अग्रवाल, तुलसी दास उपाध्याय, राजेश ठाकुर, सरजू यादव, सुनयना विश्वकर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल ,सहायक विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद पांडेय उपस्थित रहे। सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेट कर बेच लगाकर किया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख पवन दुबे के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मीठा खिलाकर उन्हें पाठ्य पुस्तकें एवं गणवेश प्रदान कर उनका प्रवेश करवाया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शाला प्रवेशोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शाशन की विभिन्न की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख पवन दुबे एवं संकुल समन्वयक मनीष यादव द्वारा अहम योगदान दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सेवानिवृत्त व्याख्यता सतीश उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षक, सभी संकुल समन्वयक एवं शिक्षक, ग्रामीणजन, बच्चे एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक मनीष यादव ने किया।

# किसानों को बीज व आदान सामग्री बांटी गई

**बैकुण्ठपुर।** खरीफ वर्ष 2024 के प्रारंभ के साथ ही कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री का वितरण किया जा रहा है। राष्टीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन अंतर्गत डायरेक्ट सीडिंग धान प्रदर्शन के लिए धान बीज, मक्का एवं रागी बीज का वितरण विभिन्न ग्रामों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि ने जानकारी दी है कि बीते 28 जून को वर्षा आधारित क्षेत्र विकास योजनांतर्गत चयनित ग्राम पंचायत छिंदिया में कृषकों को मक्का बीज एवं अन्य आदान सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया है।



किसानों को बांटे गए बीज।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी एवं पंचायत प्रतिनिधि के समक्ष आदान सामग्री वितरण किया गया है। साथ ही खरीफ मौसम में खेती से जुड़ी योजनाओं एवं समसामयिक विषयों की जानकारियों को कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक ग्राम में कृषक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI CHIRMIRI
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
पैट्रोल पंप के सामने, वार्ड नं..-1, पोड़ी, चिरमिरी, जिला - कोरिया (छ.ग.)
81098-66204 • 89595-44444